MADHYA PRADESH VIDYUT MANDAL ABHIYANTA SANGH

(AFFILATED WITH ALLINDIA POWER ENGINEER FEDRATION)

Shade No. 13, Vidyut Nagar P.O., Rampur, Jabalpur 482008

Regd.No.-12438,

Phone-2702090, Mobile 8839282481; 9981622505; E_mail-abhiyantasangh@gmail.com, Website:https://www.mpvmas.co.in

क्रमांक अ.स./म.स./2022-24/105 दिनांक: 03.01.23

प्रति,

प्रमुख सचिव,
ऊर्जा विभाग; म.प्र.शासन; भोपाल

विषय: महाराष्ट्र में हड़ताल कर रहे विद्युत कर्मियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश से भेजे गए अभियंताओं की नियुक्त आदेश निरस्त करने बाबत

****

महोदय,

मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल अभियंता संघ प्रदेश के ऊर्जा विभाग की समस्त उत्तरवर्ती कम्पनियों में कार्यरत सहायक अभियंता से लेकर कार्यपालक निदेशक तक के अधिकारियों का एक मात्र संगठन हैं, जो कि प्रदेश कि विद्युत व्यवस्था को सुचारू रूप से अनवरत जारी रखने हेतु आवश्यकतानुसार प्रशासन के समक्ष अपने सुझाव रखता है एवं कम्पनियों के समस्त अधिकारियों कि समस्याओ और उचित माँगों के संबंध में समय-समय पर प्रशासन और प्रबंधन को अवगत कराकर, उसके सार्थक समाधान हेतु प्रयासरत रहता हैं ।

अखिल भारतीय अभियंता संघ एवं एन.सी.सी.ओ. ई ई ई के आह्वान में महाराष्ट्र ज्वाइंट फोरम के द्वारा महाराष्ट्र में संपूर्ण कार्य बहिष्कार किया जा रहा है पूरे देश के विद्युत कर्मी शामिल हो रहे हैं, जिसकी सूचना दी जा चुकी है, पूरे महाराष्ट्र मे निजीकरण के विरुद्ध 85,000 विद्युत कर्मी 4/01/23 को हड़ताल पर जा रहे हैं। जिसका समर्थन अखिल भारतीय अभियंता संघ के आह्वान पर मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल अभियंता संघ सहित पूरे देश के विद्युत कर्मी हड़ताल पर जाएंगे, इस परिस्थिति में मध्यप्रदेश के अभियंताओं को महाराष्ट्र में भेजना बहुत ही अतार्किक फैसला है! जब की मध्य प्रदेश के विद्युत कर्मी महाराष्ट्र के विद्युत कर्मियों की हड़ताल का समर्थन कर रहे है। इस तरह के फैसलों से मध्यप्रदेश की विद्युत व्यवस्था में व्यवधान आ सकता है, तथा मध्य प्रदेश के अभियंताओ को नए कार्य जगह मे भेजने से उनके साथ होने वाली दुर्घटना से नकार नहीं जा सकता है । ऐसे फैसलों से मध्य प्रदेश की विद्युत व्यवस्था मैं व्यवधान आ सकता है, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन एवं प्रबंधन की होगी।

अतः आपसे अनुरोध है कि महाराष्ट्र भेजे जा रहे अभियंताओं का तुरंत नियुक्त आदेश निरस्त किया जाए, मध्य प्रदेश के शासन प्रसाशन एवम प्रबंधन के इस रवैये से महाराष्ट्र के साथ मध्य प्रदेश के विद्युत कर्मी देशव्यापी हड़ताल मे शामिल होकर संपूर्ण कार्य

बहिष्कार के लिए बाध्य होंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रसाशन एवम प्रबंधन की होगी। आदेश निरस्त न होने पर कल महाराष्ट्र में होने वाले हड़ताल का समर्थन करते हुए मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल अभियंता संघ और प्रदेश के कर्मी देशव्यापी हड़ताल मे शामिल होगा ।

सादर धन्यवाद।

भवदीय

(इंजी. विकास कुमार शुक्ला)
महासचिव

महासचिव
म.प्र.वि.मं. अभियन्ता संघ
जबलपुर (म.प्र.)

<u>प्रतिलिपि:</u>

1 माननीय ऊर्जा मंत्री जी, वल्लभ भवन; म.प्र.शासन; भोपाल
2 प्रबंध संचालक, म.प्र.पावर मैनेजमेंट/पावर जनरेटिंग/पावर ट्रांसमिशन/ पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, जबलपुर ।
3 प्रबंध संचालक,म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड; भोपाल ।
4 प्रबंध संचालक, म.प्र.पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड; इंदौर ।

****